प्रश्नपत्र संख्या

25 09 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – .................................................................................... राज्य ..............................

प्रतियोगी का नाम – .................................................... ह० ........................ अनुक्रमांक: ..........................

कुल समय : 1 घंटा | कक्षा-नवीं | कुल अंक: 100

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।

2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. हिंदी भाषा का जन्म किस भाषा से हुआ है?**

(क) पंजाबी (ख) संस्कृत (ग) मलयालम

**प्रश्न 2. हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में कब मान्यता मिली?**

(क) 13 सितंबर 1950 (ख) 14 सितंबर 1948 (ग) 14 सितंबर 1949

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से कौन-सी पूर्वी हिंदी की बोली नहीं है?**

(क) बघेली (ख) छत्तीसगढ़ी (ग) जयपुरी

**प्रश्न 4. निम्न में से कौन-से व्यंजन ऊष्म व्यंजन हैं?**

(क) य, र, ल, व (ख) श, ष, स, ह (ग) य, ष, स, व

**प्रश्न 5. वर्णों का क्रमबद्ध समूह क्या कहलाता है?**

(क) वर्णमाला (ख) शब्द (ग) वाक्य

**प्रश्न 6. क्षत्रिय का वर्ण-विच्छेद होगा-**

(क) क + ष् + अ + त् + र + इ + य् + अ

(ख) क् + ष + अ + त + र + इ + य् + अ

(ग) क् + ष् + अ + त् + र + इ + य् + अ

**प्रश्न 7. निम्न शब्दों में से किस एक शब्द में 'र' का सही प्रयोग हुआ है-**

(क) कार्यशाला (ख) ब्राह्मण (ग) कृपालु

**प्रश्न 8. अनुस्वार के सही विकल्प को चुनिए-**

(क) चांद (ख) पांच (ग) खंभा

**प्रश्न 9. इनमें से संबंध कारक का कारकीय चिह्न है-**

(क) का, की, के (ख) में, पर (ग) नो, से

**प्रश्न 10. असंगत वर्ग चुनिए-**

(क) दयालु, कुरुप, टेढ़ा-मेढ़ा (ख) दशानन, लंबोदर, चतुर्भुज (ग) गणेश, ईमानदार, उसका

**प्रश्न 11. सत्संगति शब्द में किन-किन उपसर्गों का प्रयोग हुआ है?**

(क) स + सम (ख) सत + सम (ग) सत् + सम्

**प्रश्न 12. पुराण शब्द में 'इक प्रत्यय' लगाने पर कौन-सा शब्द बनता है?**

(क) पौराणिक (ख) पौरानिक (ग) पुराणिक

**प्रश्न 13. त्रिवेणी में कौन-सा समास है?**

(क) कर्मधाराय समास (ख) द्वन्द्व समास (ग) दविगु समास

**प्रश्न 14. 'व्यूह' का संधि-विच्छेद है-**

(क) वि + ऊह (ख) व्यू + ह (ग) व्यू + अह

**प्रश्न 15. 'जिन वाक्यों में किसी कार्य की सिद्धि का संकेत दूसरे काम से मिले' वे किस प्रकार के वाक्य कहलाते हैं?**

(क) इच्छावाचक (ख) संकेतवाचक (ग) संदेहवाचक

**प्रश्न 16. "सागर के उर पर नाच-नाच, करती हैं लहरें मधुर गान" पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?**

(क) अन्योक्ति अलंकार (ख) उत्प्रेक्षा अलंकार (ग) मानवीकरण अलंकार

**प्रश्न 17. क्षणिक का विलोम शब्द है-**

(क) सर्वत्र (ख) शाश्वत (ग) स्थावर

**प्रश्न 18. इनमें से मयूर का पर्यायवाची शब्द नहीं है-**

(क) शिखी (ख) कलापी (ग) चिरई

**प्रश्न 19. जब कोई शब्द दो भिन्न भाषाओं से बनते हैं, तो उन्हें क्या कहते हैं?**

(क) तद्भव शब्द (ख) संकर शब्द (ग) देशज शब्द

**प्रश्न 20. द्रव्य का अनेकार्थी नहीं है-**

(क) धन (ख) पदार्थ (ग) माया

**प्रश्न 21. जो मुक्ति का इच्छुक हो, उसे क्या कहते हैं?**

(क) मुमुक्षु (ख) मुमुक्ष (ग) मुमुर्ष

**प्रश्न 22. भाववाचक संज्ञाओं की रचना कितने प्रकार के शब्दों से की जा सकती है?**

(क) सात (ख) पाँच (ग) चार

**प्रश्न 23. हिंदी में द्रव्यवाचक तथा समूहवाचक संज्ञाएँ किसके अंतर्गत आती हैं?**

(क) जातिवाचक संज्ञा (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ग) भाववाचक संज्ञा

**प्रश्न 24. 'माता जी ने भूखे को खाना दिया' - वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(क) अपादान कारक (ख) संप्रदान कारक (ग) करण कारक

**प्रश्न 25. जिन सर्वनाम शब्दों से 'निजत्व' या 'अपने पन' का बोध हो, वे सर्वनाम हैं-**

(क) निश्चयवाचक (ख) संबंधवाचक (ग) निजवाचक

**प्रश्न 26. शब्द का प्रयोग वाक्यों में करने पर वह कहलाता है-**

(क) अव्यय (ख) पद (ग) क्रियाविशेषण

**प्रश्न 27. जो शब्द विशेषण शब्दों की विशेषता बताते हैं,उन्हें क्या कहते हैं?**

(क) सांकेतिक विशेषण (ख) विशेष्य (ग) प्रविशेषण

**प्रश्न 28. संरचना के आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं?**

(क) दो (ख) चार (ग) आठ

**प्रश्न 29. अनिल को हवा तथा अनल को ___________ कहते हैं-**

(क) देवता (ख) हृदय (ग) आग

**प्रश्न 30. इनमें से विवरण चिह्न कहते हैं-**

(क) (;) (ख) (:-) (ग) (( ))

**प्रश्न 31. किस वाक्यों में अकर्मक क्रिया नहीं है?**

(क) चिड़िया उड़ती है। (ख) वर्षा हो रही है। (ग) माली ने पौधे लगाए।

**प्रश्न 32. रोहन ने पाठ <u>पढ़ा है</u>। (रेखांकित क्रियापद का सही काल चुनिए)**

(क) आसन्न भूत (ख) पूर्ण वर्तमान (ग) पूर्ण भूत

**प्रश्न 33. राजेश अभी-अभी आया है। (वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण का सही भेद है)**

(क) स्थानवाचक (ख) कालवाचक (ग) संकेतवाचक

**प्रश्न 34. 'आर्द्र' शब्द का विलोम है-**

(क) द्रव्य (ख) उदयम (ग) शुष्क

**प्रश्न 35. निम्नलिखित में संबंधबोधक अव्यय है-**

(क) की अपेक्षा (ख) ध्यानपूर्वक (ग) प्रातः-काल

**प्रश्न 36. समुच्चयबोधक अव्यय कितने प्रकार के होते हैं?**

(क) पाँच (ख) दो (ग) चार

**प्रश्न 37. प्रसाद और प्रासाद का अर्थ होगा-**

(क) महल और मंदिर का भोग (ख) मंदिर का भोग और महल (ग) महल और प्रारंभ

**प्रश्न 38. शुद्ध वाक्य चुनिए-**

(क) मुझे पुस्तक दे दो। (ख) मेरे को पुस्तक दे दो। (ग) मेरा को पुस्तक दे दो।

**प्रश्न 39. 'घाट-घाट का पानी पीना' मुहावरे का अर्थ है-**

(क) बहुत यात्रा करना (ख) जगह-जगह पानी पीना (ग) बहुत अनुभवी होना

**प्रश्न 40. 'दशानन' किस समास का उदाहरण है-**

(क) कर्मधारय समास (ख) बहुव्रीहि समास (ग) द्वंद्व समास

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट अर्थात् ई-कचरा आधुनिक समय की एक गंभीर समस्या है। वर्तमान समय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी काम हो रहा है। इसके फलस्वरूप, आज नित नए-नए उन्नत तकनीक वाले इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों का उत्पादन हो रहा है। जैसे ही बाजार में उन्नत तकनीक वाला उत्पाद आता है, वैसे ही पुराने यंत्र बेकार पड़ जाते हैं। इसी का नतीजा है कि आज कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन, टीवी, रेडियो, प्रिंटर, आई-पोड्स आदि के रूप में ई-कचरा बढ़ता जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार एक वर्ष में पूरे विश्व में लगभग 50 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न होता है। अकेले भारत में ही प्रतिदिन लगभग 4.34 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। यह अत्यंत चिंता का विषय है कि ई-कचरे का निपटान उस दर से नहीं हो पा रहा है, जितनी तेजी से यह पैदा हो रहा है। अनुमानतः मात्र 10-15 फीसदी ई-कचरे का ही निपटान हो पाता है। शेष कचरा या तो लैंडफिल साइट्स में डाल दिया जाता है या खुले में जला दिया जाता है। इससे पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों में आर्सेनिक, कोबाल्ट, मरकरी, बेरियम, लिथियम कॉपर, क्रोम, लेड आदि हानिकारक अवयव होते हैं। इन्हें खुले में जलाना या मिट्टी में दबाना अत्यंत खतरनाक हो सकता है। इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है।अब समय आ गया है कि ई-कचरे के उचित निपटान और पुनः चक्रण पर ध्यान दिया जाए अन्यथा पूरी दुनिया शीघ्र ही ई-कचरे का ढेर बन जाएगी। इसके लिए विकसित देशों को आगे आना होगा और विकासशील देशों के साथ अपनी तकनीकों को साझा करना होगा क्योंकि विकसित देशों में ही ई-कचरे का उत्पादन अधिक होता है और वे जब-तब चोरी-छिपे विकासशील देशों में उसे भेजते रहते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए पूरी दुनिया को एक होना होगा।

**प्रश्न 41. इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों में कौन-सा तत्व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है?**

(क) आर्सेनिक (ख) कार्बन (ग) नाइट्रोजन

**प्रश्न 42. ई-कचरे के निपटान में कितने प्रतिशत कचरे का ही उचित प्रबंधन किया जाता है?**

(क) 5-10% (ख) 30-35% (ग) 10.15%

**प्रश्न 43. निम्नलिखित कथन और करण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए गए विकल्प में से सही विकल्प चुनें-**

कथन: ई-कचरा आधुनिक समय की एक गंभीर समस्या है क्योंकि इसका निपटान उचित तरीके से नहीं किया जा रहा है।

करण: इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों में हानिकारक तत्व होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकते हैं।

विकल्प: (क) कथन सही है, लेकिन करण गलत है

(ख) दोनों कथन गलत हैं

(ग) दोनों कथन सही हैं

**प्रश्न 44. निम्नलिखित में से कौन-सा ई-कचरे का उदाहरण नहीं है?**

(क) मोबाइल फोन (ख) आई-पोड्स (ग) टायर

**प्रश्न 45. ई-कचरे की समस्या का समाधान केसे संभव है?**

(क) पुन: चक्रण और उचित निपटान से

(ख) समुद्र में डालकर

(ग) इसे खुले में फेंककर

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

सच है विपत्ति जब आती है,
कायर को दहलाती है।
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते।
विघ्नों को गले लगाते हैं,
काँटों में राह बनाते हैं।
मुँह से न कभी उफ कहते हैं,
संकट का चरण न गहते हैं।
जो आ पड़ता सब सहते हैं,
उद्योग निरत नित रहते हैं,
बढ़ खुद विपत्ति पर छाते हैं।

**प्रश्न 46. विपत्ति किसे विचलित करती है?**

(क) कमजोर को (ख) कायर को (ग) सूरमा को

**प्रश्न 47. बहादुर व्यक्ति विपत्ति आने पर_______________से काम करते हैं।**

(क) धैर्य और साहस (ख) केवल धीरज (ग) प्रसन्नता

**प्रश्न 48. सूरमा शब्द का अर्थ है-**

(क) कायर (ख) धीर-गंभीर (ग) बहादुर

**प्रश्न 49. 'काँटों में राह बनाते हैं' का तात्पर्य है-**

(क) काँटों को तोड़ते हैं (ख) संघर्षों को पार करते हैं (ग) फूलों की राह चुनते हैं

**प्रश्न 50. सच्चे शूरवीर संकट के समय क्या नहीं करते?**

(क) समाधान खोजते हैं (ख) सबको बुलाते हैं (ग) उफ़ तक नहीं करते